सत्य, सत्य ही होता है

# महामेधा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

नई दिल्ली, बुधवार 27 जुलाई, 2011

## ग्रेनो : बिमटेक ने खोला एक और ग्रामीण पुस्तकालय

विशेष संवाददाता/ग्रेटर नोएडा

एजुकेशन हब ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क दो स्थित बिमटेक द्वारा सहायतार्थ गैर सरकारी संस्था 'रंगनाथन सोसायटी फॉर सोशल वेलफेयर एण्ड लायब्रेरी डेवलपमेन्ट' द्वारा ग्राम रोजा-याकूबपुर जनता इंटर कालेज में ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र का उद्घाटन किया गया। 'बिरला ग्रामीण पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र' का उद्घाटन महेश शर्मा (पूर्व प्रधानाचार्य) और रंगनाथन सोसायटी के सचिव डॉ. ऋषि तिवारी द्वारा किया गया। समारोह में श्री शर्मा ने सभी ग्राम वासियों से कहा कि गांव का कोई छात्र एवं व्यक्ति निःशुल्क इस अवसर का लाभ उठाए तथा अपने ज्ञान में वृद्धि करें साथ ही ग्रामीणजनो में पढ़ने के प्रति जागरूकता फैलाएं। बिरला इंस्टीट्यूट के लायब्रेरियन एवं रंगनाथन सोसायटी के सचिव डॉ. ऋषि तिवारी ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी महानुभावों से आग्रह करते हुए कहा कि वह अपने बच्चों को लाइब्रेरी में अवश्य भेंजे और इस पुस्तकालय का भरपूर लाभ उठाए। डॉ. ऋषि तिवारी ने कहा कि गांव के बुजुर्गों के लिये भी रामायण, गीता, महाभारत आदि धार्मिक पुस्तकें भी पुस्तकालय में होंगी जो ग्रामीण जनों के ज्ञान वर्धन में सहायक होंगी, साथ ही कहा कि भविष्य में हम पुस्तकों के साथ-साथ कम्प्यूटरों की भी व्यवस्था करेंगें। काबिलेगौर है कि इस समय जनता इंटर कालेज में एनसीसी के मेरठ मंण्डल का वार्षिक प्रशिक्षण चल रहा है जिसमें पूरे मेरठ मंण्डल के करीब 500 केडेट्स भाग ले रहें है, उद्घाटन समारोह में एनसीसी. के कमांडिंग अधिकारी कर्नल यादव भी मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार राठी, डॉ. हरिदत्त गौतम, मेजर रूपसिंह नागर (जन सम्पर्क अधिकारी), महरचन्द नागर (अध्यक्ष प्रबन्धक समिति), रघुवर सिंह नागर, मेजर धीरज सिंह नागर एवं बिमटेक से ऋषभ जैन तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।